4-MAR-Jash Bhoomi pg1_Layout 1 3/4/2024 8:13 PM Page 1

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 5 मार्च 2024

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 30.2
न्यूनतम 28.2 डिग्री

4
**दूल्हादेव महोत्सव में 70 जोड़ों का सामूहिक विवाह, ओपी ने पहुंचकर दिया आशीर्वाद**



## खबर संक्षेप

### लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन आज व कल

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के निर्देशानुसार आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एवं सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से 05 एवं 06 मार्च 2024 दिन मंगलदार एवं बुधवार को दो दिवसीय लर्निंग लायसेंस शिविर (कैम्प) का आयोजन तहसील परिसर जशपुर में किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति किसी भी लोकसेवा केन्द्र व च्वाईस सेंटर से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है अथवा परिवहन विभाग की वेबसाईट parivahan.gov.in से स्वयं भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते है एवं 05 एवं 06 का स्लॉट (एपॉईन्टमेंट) लेकर तहसील परिसर जशपुर मे उक्त तिथि को अपने आवेदन के साथ उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

### कीटनाशक पीने से युवक गंभीर

**अम्बिकापुर।** युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। युवक का उपचार अस्पताल में जारी है। ग्राम केवरा निवासी आयुष दुबे आ. श्रवन दुबे आज शाम अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने डायल 112 टीम को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 की टीम ने युवक को तत्काल अस्पताल में दाखिल कराया जहां युवक का उपचार जारी है।

### बाइक की टक्कर से गंभीर महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** पीएम आवास पास होने पर मजदूर लेने गई महिला को बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार तुमला थाना अंतर्गत ग्राम झारमुडा निवासी दुलमनी बाई पति कलिन्दर राम (42 वर्ष) पीएम आवास स्वीकृत होने पर घर निर्माण कराने के लिए 1 मार्च को मजदूर व राज मिस्त्री लेने पास के गांव गया था। शाम को महिला घर लौटने लगी और जैसे ही ग्राम अकिरा के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### अकेला दंतैल पहुंचा राजपुर के रेवतपुर जंगल

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम झेराडीह में शुक्रवार की रात गेंहू की फसल का सिंचाई कर रहे ग्रामीण को मौत के घाट उतारने के बाद अकेले घूम रहा दंतैल रविवार को वनपरिक्षेत्र राजपुर में पहुंच गया है। दंतैल से जानमाल की क्षति की संभावना पर वन अमला ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ ही लगातार दंतैल की निगरानी कर रहा है। वन अधिकारी दंतैल के प्रतापपुर जंगल की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। दल से अलग होकर लम्बे समय से अकेले भ्रमण कर रहा दंतैल क्षेत्रवासियों की सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। तीन दिन पहले ही दंतैल जशपुर नगर जंगल से सरगुजा पहुंचा है। तीन महीने पूर्व तीन दिन के भीतर अलग-अलग क्षेत्रों में 5 लोगों को मौत के घाट उतारने के कारण वन अमले के साथ ही क्षेत्रवासी भारी दहशत में है। दंतैल दिन में भी आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहा है जिससे खतरा अत्याधिक बढ़ गया है। दंतैल के सरगुजा में दाखिल होने की सूचना मिलते ही वन अमला प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को दंतैल के कभी भी पहुंचने एवं आबादी क्षेत्र में तोड़फोड़ मचाने की संभावना व्यक्त कर सावधानी बरतने एवं जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दे रहा है।

## चोर पकड़ने वाली पुलिस टीम प्रशस्ति पत्र व नकद इनाम से होगी सम्मानित

# चोर गिरोह से पुलिस ने बरामद की 24 मोटर साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव



पुलिस अधीक्षक ने अपने पहले थाना निरीक्षण के दौरान एसडीओपी व थाना प्रभारी को चोरी के मामलों को सुलझाने के कई प्रकार के टिप्स दिए थे। इसके बाद पुलिस को मोटरसाइकिल चोरी पकड़ने में सफलता मिली। चोर पकड़ने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक प्रशस्ति पत्र व नकद राशि से सम्मानित करेंगे।

पुलिस ने संदेह के आधार पर बागे अकरम उर्फ गुड्डू निवासी पेठ थाना सीतापुर को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर सने बताया, कि मोहम्मद हसनैन उर्फ गल्ला साहिबे अकीदत उर्फ नंदू के साथ मिलकर पत्थलगांव थाना क्षेत्र के अलावा न्य क्षेत्रों से मोटरसाइकिल की चोरी की है। पुलिस ने तत्काल हसनैन उर्फ गल्ला , साहिबे अकीदत उर्फ नंदू को हिरासत में कर पूछताछ करने पर उसने बताया कि तीनों मोटरसाइकिल चोरी कर शाहनवाज खान उर्फ सोनू को चोरी की टरसाइकिल बिक्री की जाती थी। सोनू ने द्वारा बताया,कि शाहनवाज खान उर्फ सोनू ,शहीद रजा एवं जयलाल रावत के पास गाड़ियों को बिक्री के लिए रखा है। पुलिस ने रखे मोटर सायकिलों को जब्त किया। इसमें 13 मोटरसाइकिल शहनवाज उर्फ सोनू, 6 मोटरसाइकिल शहीद रजा के पास एवं 5 मोटरसाइकिल बाजे अकरम उर्फ गुड्डू ,हसनैनुल्लाह उर्फ गल्ला साहिब अकीदत उर्फ नंदू के पास से बरामद की गई। सभी मोटरसाइकिल पत्थलगांव, कोरबा ,अंबिकापुर, लैलूंगा, सीतापुर से चोरी की गई है। 24 मोटरसाइकिल में 20 एचएफ डीलक्स, दो पल्सर, एक पैशन प्रो ,एक प्लैटिना मोटरसाइकिल जिसकी कीमतनौ लाख आंकी गई है को बरामद किया गया। इन मोटरसाइकिलों में पत्थलगांव थाना क्षेत्र से चोरी की गई 6 मोटरसाइकिल है बरामद की गई है। बाकी अन्य मोटरसाइकिल अन्य थाना क्षेत्र की है ।

प्रकरण में बागे अकरम उर्फ गुड्डू पिता खलील अली 23 साल पेठ सीतापुर ,मौहम्मद हसनैन उर्फ गल्ला पिता मोहम्मद हजरत अली 22 साल पेठ सीतापुर निवासी, साहिबे अकीदत उर्फ सोनू पिता इनामुल खान 31 साल मुडागांव लैलूंगा ,शहीद रजा पिता रमजान उल हक 24 साल तारागढ़ पत्थलगांव ,जय लाल रावत पिता चुन्नू राम 42 साल बटुराबाहर निवासी को गिरफ्तार करते हुए धारा 379, 411 ,413, 414, 34 के तहत जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। मोटरसाइकिल चोर गिरोह पकड़ने वाले पुलिस टीम को एसपी शशि मोहन सिंह ने एसडीओपी हरीश पाटिल ,पत्थलगांव थाना के थाना प्रभारी भानु प्रताप चंद्राकर,उप निरीक्षक सुनील सिंह , एएसआई हरिराम टंडन ,प्रधान आरक्षक मिथिलेश यादव, आरक्षक कमलेश्वर वर्मा ,आशीषन टोप्पो ,शैलेंद्र सिंह ताराचंद, साइबर टीम नसरुद्दीन अंसारी ,अनंत मिठास,तुलसी रात्रे, मुकेश पांडे, हरिशंकर राम, अनिल सिंह को प्रशस्ति पत्र के साथ नगद इनाम देने की घोषणा की। अधीक्षक शशि मोहन सिंह के प्रथम थाना निरीक्षण के दौरान पत्रकार जितेंद्र गुप्ता एवं मुकेश अग्रवाल द्वारा नगर में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी एवं यातायात व्यवस्था पर पुलिस अधीक्षक का ध्यान आकृष्ट कराया था।



## 43 करोड़ की कार्ययोजना से बदलेगी नगरपालिका क्षेत्र की तस्वीर

**जशपुरनगर।** नगर का कायाकल्प करने के लिए नगर सरकार के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मिल कर 43 करोड़ रूपये की वृहद योजना तैयार की है। इस राशि का प्रयोग शहर के प्रमुख सड़कों का विकास के साथ जल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किया जाएगा।

■ **चौड़ी सड़क, एलईडी लाइट और स्क्रीन से रोशन होगी शहर की गलियां नल जल योजना का होगा विस्तार**

कार्य योजना का मूर्त रूप देने के लिए, पार्षदों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंप कर, बजटआबंटित करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री साय ने, पार्षदों को जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। नगरपालिका जशपुर के उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में सड़क, पानी और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की मांग, नगरवासी लगातार कर रहे थे। लेकिन, राज्य में कांग्रेस की सरकार होने के कारण, बजट मिलने में परेशानी हो रही थी। विधानसभा ⏭ शेष पेज 4 पर

## दो भागों में बटने से कोरवा जनजाति के लोगों को नहीं मिल रहा सरकारी योजना का लाभ



जशपुरनगर। राष्ट्रपति के दत्तकपुत्र कहे जाने वाले कोरवा जजजाति मात्रात्मांक त्रुटि के वजह से कोरवा समाज के लोग दो भाग में बंट गए है। जिस कोरवा जाति में पहाड़ी कोरवा लिखा है केवल उसी परिवार के लोगों को शासन द्वारा दी जाने वाली योजनओं को लाभ मिल रहा है।

■ **मुख्यमंत्री साय ने दिया जल्द ही समस्या दूर करने का आश्वसान**

लेकिन जिनकी जाति के स्थान पर पहाड़ी कोरवा नहीं है वो एक नए चक्रव्यूह दिहाड़ी कोरवा में फंस गए है। जिससे कोरवा जनजाति को मिलने वाली सरकारी योजनओं को लाभ उनको नहीं मिल पा रहा है। इस मात्रात्मांक त्रुटि की समस्या को लेकर जिले के भितरा गांव में सोमेश्वर के प्रागंण में समाज की संभाग स्तरीय बैठक बुलाई गई। जिसमें सरगुजा, बलरामपुर, सुरजपुर और जशपुर जिले के दिहाड़ी कोरवा से सैकड़ो परिवार अपनी समस्याओं को भाजपा की विधायक रायमुनी भगत और भाजपा नेता कृष्ण कुमार राय के समक्ष रखा। बैठक में कृष्णकुमार राय ने सूबे के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कोरवा समाज की इस समस्या से अवगत कराया। दूरभाष के द्वारा मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आपकी यह समस्या मुझ तक पहुंची हुई है। और मै आप लोगों की इस समस्या से अवगत हूं। आप लोगों को इस मात्रात्मांक त्रुटि की वजह से जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जल्द ही उसका हल निकाला जाएगा।

### अमझर नाला के समीप एनएच पर लगा जाम

**बलरामपुर।** अमझर नाला के समीप ट्रक के खराब होने के बाद एनएच 343 पर आवागमन बंद हो गया। इस दौरान लगभग 45 मिनट तक नेशनल हाइवे पर जाम की स्थिति बनी रही और वाहनों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची हाइवे पेट्रोलिंग की टीम द्वारा वाहन में सुधार करवाने के साथ ही हाइवे पर लगे जाम को दुरुस्त कराया गया। बताया जा रहा है कि एक ट्रक रामानुजगंज की ओर से अंबिकापुर की तरफ जा रहा था। इस दौरान जैसे ही ट्रक अमझर नाला के घुमावदार घाट पर पहुंचा ट्रक खराब हो गया। ट्रक खराब होने के बाद एनएच के बीचों बीच सड़क पर खड़ा हो गया जिसके बाद एनएच पर आवागमन पूर्ण रूप से ठप हो गया। बारिश के कारण सड़क के किनारे की मिट्टी कीचड में तब्दील हो गई थी ऐसे में वाहन सड़क के किनारे से नहीं निकल पा रहे थे।

## साहस का उदगम उत्सव में देश विदेश के लोग हुए शामिल

**जशपुरनगर।** साहस का उदगम उत्सव का विगत दिनों आयोजन जशपुर में स्थित सरना एथनिक रिसोर्ट में हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जशपुर के आदिवासी सभ्यता तथा स्थायी जीवन शैली को साथ में लेते हुए यहां के स्थानीय कलाकारों तथा खिलाड़ियों की मदद से पर्यटन को प्रोत्साहन देना था।

■ **स्थानीय कलाकारों और खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन**

इस उत्सव में देश विदेश भर से कुछ उल्लेखनीय लोगो ने हिस्सा लिया जिसमे से भारत के सुप्रसिद्ध सर्प मित्र यतिन कल्कि, मुंबई से आई गायिका चिन्मयी त्रिपाठी, गोरखपुर के सुप्रसिद्ध यूटूबर देवेंद्र पटेल, अमरीका के सुप्रसिद्ध रॉक क्लाइम्बिंग गाइड दावे गेट्स एवं अमृत जोस तथा समय कुलश्रेष्ट आदि सम्मिलित है। इस सम्मेलन के



मुख्य आयोजक जशपुर प्रशासन के साथ ही जशप्योर, पहाड़ी बकरा, काफी मीडिया, और एडवेंचर्स रहे। इस सम्मेलन ने देश भर में जशपुर की संस्कृति का संगोपन किया और साथ ही साहसी खेलों को प्रचारित किया, इससे स्थानीय लोगों में ऐसे खेलों को बढ़ावा मिला।। इस उत्सव के दौरान जशपुर के आदिवासी नृत्य, लाइव संगीत, शांत जंगल की सैर, योग, रॉक क्लाइम्बिंग, सर्पो के प्रति जागरूकता और मूर्तिकला पेंटिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इस उत्सव ने देश विदेश के मेहमानों को जशपुर की संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर का एक अद्वितीय अनुभव प्रदान किया। यहाँ पर्यटकों ने न केवल रोमांचक कार्यक्रमों का आनंद लिया, बल्कि उन्होंने जशपुर के स्थानीय संस्कृति और विरासत को भी समझा। इस प्रकार, उद्गम उत्सव से देश विदेश भर में जशपुर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में प्रमोट किया जाएगा ।

## प्रमाणपत्र परीक्षा के आयोजन से स्वयं सेवकों के भाव रहता है स्थाई



**जशपुरनगर।** शहर के शासकीय एनईएस महाविद्यालय में सोमवार को रासेयो प्रमाणपत्र की परीक्षा आयोजित की गई जिसमें पुरुष एवं महिला इकाई के बीस स्वयंसेवक परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा में बाह्य परीक्षक के रूप में मनोरा कॉलेज के प्रोफेसर एस पी भगत थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत पात्र स्वयंसेवकों को एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाते हैं।

प्रमाणपत्र शालेय स्तर पर और महाविद्यालय स्तर पर और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाते हैं। प्रमाणपत्र परीक्षा मे आंतरिक परीक्षक रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनय तिवारी एवं प्रिंसी कुजूर थे। संस्था के प्राचार्य डॉ.विजय रक्षित ने परीक्षा में शामिल सभी स्वयंसेवकों को वार्षिक परीक्षा हेतु शुभकामनाए दी। बाह्य परीक्षक एसपी भगत ने स्वयंसेवकों की मौखिक परीक्षा लेने के पश्चात उन्हें समाज के कमज़ोर वर्गो के लिए सदैव कार्य करते रहते का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.विनय तिवारी ने कहा कि प्रमाणपत्र प्राप्ति स्वयंसेवक बने रहने के भाव को स्थाई बनाता है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने दौड़ लगाकर शुरु की लोकसभा चुनाव की तैयारी

**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जशपुर महिला मोर्चा ने कमर कसकर तैयारी शुरु कर दी है। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता कश्यप के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन मैराथन दौड़ लगाकर कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया गया।

■ **जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत ने दी बधाई**



जशपुर के बोकी में नारी शक्ति वंदन मैराथन दौड़ का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष ममता कश्यप समेत डीडीसी अनिता सिंह, रजनी प्रधान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, सावित्री सिंह, नीतू गुप्ता, सावित्री निकुंज, प्रतिमा भगत समेत आम ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त मैराथन दौड़ में पार्षद नीतू गुप्ता प्रथम स्थान, ममता कश्यप द्वितीय स्थान व प्रतिमा भगत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ममता कश्यप ने बताया की भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा नारी शक्ति वंदन मैराथन दौड़ के द्वारा यह संदेश दिया जा रहा है कि नारी हर क्षेत्र में सशक्त है।आगामी लोकसभा चुनाव में नारी की अहम भूमिका है।



## मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी- कर्मचारियों को किया सम्मानित

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवास ग्राम बगिया में जिला प्रशासन के द्वारा जिले में कई अभिनव कार्ययोजनाओं का शुभारंभ किया। शुभारंभ के साथ साथ जिला प्रशासन में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले तीन अधिकारी कर्मचारियों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ का दो दिवसीय जशपुर दौरा कार्यक्रम के दौरान उनके निवास ग्राम बगिया में जिला प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया था इस कार्यक्रम में रूपेश कुमार पाणिग्राही जिला समन्वयक रेडक्रॉस को जशपुर जिले में रेडक्रॉस के कार्यो को जिले के सभी विकासखंड में स्थापित कर उनका उत्तम प्रबंधन करना और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों को उत्तम उपचार का प्रबंधन व समाज सेवा के क्षेत्र में, श्री शिशिर सिंह परमार जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों के उपचार में उत्तम प्रबंधन हेतु, एवं निरंजन प्रसाद गुप्ता डीडीएम को स्वास्थ्य कार्यक्रमो में डेटा प्रबंधन, विश्लेषण एवं मॉनिटरिंग में उत्कृष्ठ कार्य हेतु विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किये साथ ही कलेक्टर रवि मित्तल ने तीनों को उत्तम सेवा हेतु बधाई एवं शुभकामना दी। इस कार्यक्रम में सरगुजा रेज के आईजी अंकित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह एवं जिला प्रशासन के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अतिथियों का ढोल नगाड़ों की थाप पर ऐतिहासिक स्वागत

## धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी: राय

**जशपुरनगर।** छिछली में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा समापन समारोह कार्यक्रम में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत शामिल हुई, धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ रहे लोगों की रुचि पर जशपुर विधायक ने प्रसन्नता जाहिर किया वहीं कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुवे धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए निरंतर धार्मिक आयोजन करते रहने का बात कहा है।

■ **छिछली में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा समापन समारोह में शामिल हुई विधायक रायमुनी**



कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने हाथों में तीर धनुष ले ढोल नगाड़ों की थाप पर ऐतिहासिक स्वागत किया। ज्ञात हो कि बगीचा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिछली में श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका समापन रविवार को अत्यंत ही धूमधाम से किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जिला महामंत्री भरत सिंह व मुकेश शर्मा, शंकर गुप्ता, श्रीमती रीना बरला मौजूद रहे। समापन कार्यक्रम के दौरान अपने उद्बोधन में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर किया और आयोजन समिति को सफल आयोजन हेतु बधाई दिया। श्रीमती भगत ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में और भी किया जाए वह आयोजन में हर संभव मदद करेंगी। सभी ग्रामीणों ने जिस प्रकार सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत किया है उसका सभी का तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूं। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा नेता कृष्ण कुमार राय ने कहा कि धर्म व संस्कृति के रक्षा और जागरूकता के लिए इस प्रकार के धार्मिक आयोजन निरंतर होने चाहिए, क्षेत्र के विकास और उत्थान को भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार संकल्पबद्ध है।

### पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से वसूला 59 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** जिले में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। 2 मार्च को जिले भर में पुलिस द्वारा अभियान चलकर 128 प्रकरण में 59 हजार 100 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी जा रही है।

### खबर संक्षेप

## शिवानंद जागृति आश्रम में महाशिवरात्रि मेला 7 से



**रायगढ़।** शहर के पूर्वांचल सीमा पर ओडिशा बार्डर पर स्थित स्वामी शिवानंद जागृति आश्रम में 3 दिवसीय महाशिवरात्रि पूजन अनुष्ठान का विशेष आयोजन 7 मार्च से आरंभ हो रहा है। इस विशेष पूजन अनुष्ठान के विषय में जानकारी देते हुए शिवानंद आश्रम के प्रमुख जगदीश मेहर ने बताया कि गुरुवार को सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ अनुष्ठान आरंभ होगा। 8 मार्च को सुबह रुद्रपाठ के बाद रुद्राभिषेक व इसके बाद महामृत्युंजय मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन होगा। अंतिम दिन शनिवार को यज्ञ आहूति के साथ अनुष्ठान का समापन होगा। 9 मार्च को तीन दिवसीय पूजन के समापन पर विशाल भण्डारा लगाकर प्रसाद वितरित किया जाएगा। जगदीश मेहर ने कांटापाली मे आयोजित इस तीन दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान के भव्य आयोजन हेतु शिवभक्तों से यथासंभव सहयोग प्रदान करने एवं आयोजन मे शामिल होकर पुण्य अर्जित करने का अनुरोध किया है।

## गोदाम परिसर में जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

**रायगढ़।** रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में साइबर सेल और जूटमिल पुलिस द्वारा गढ़उमरिया केआईटी कॉलेज के सामने गोदाम परिसर में लाइट की रोशनी में कुछ लोगों के जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा जुआ रेड कार्रवाई किया गया। कुछ जुआरी पुलिस की घेराबंदी को देख भाग गए मौके पर पुलिस पार्टी ने तीन जुआरी रौनक अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल उम्र 32 वर्ष निवासी मिट्ठुमुडा कालिंदी कुंज थाना जूटमिल रायगढ़ प्रकाश बेरिवाल पिता सुरेश बेरिवाल उम्र 36 वर्ष गांधीगंज थाना कोतवाली रायगढ़ प्रशांत मिश्रा पिता सुखदेव मिश्रा उम्र 22 वर्ष गोपालपुर थाना चक्रधरनगर रायगढ़ को पकड़ा जिनके पास और फड से 32,450 तथा जुआ फड के पास जुआरियों की खड़ी दो मोटरसाइकिल और एक अल्टो कार की जब्ती की गई है। जुआरियों पर थाना जूटमिल में जुआ के तहत कार्यवाही किया गया है।

## पशु चिकित्सा शिविर में 500 मवेशियों का इलाज

**रायगढ़।** जिले के तमनार ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति उनके पशुपालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर बीते शनिवार, 24 फरवरी को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। गारे पेल्मा कॉलरी लिमिटेड, तमनार के सामाजिक सहभागिता के अंतर्गत आयोजित इस निःशुल्क शिविर का आयोजन 16 फरवरी से ग्राम भालुमूड़ा, कुंजेमुरा, खम्हरिया, रोडोपाली एवं ढोलनारा में किया गया। इस दौरान कुल 175 पशुपालकों के 513 पशुओं का चिकित्सकीय जांच कर परामर्श दिया गया। तमनार के पशु चिकित्सक डॉ. बीपी पटेल तथा उनकी टीम ने पशुओं के स्वास्थ्य जांच में अपच, पेट में कीड़ा, खुरहा चपका इत्यादि रोगों का उपचार कर दवाओं का निःशुल्क वितरण किया।

## रेस्टोरेंट के हुक्काबार पर कोटपा एक्ट की कार्रवाई

**रायगढ़।** शहर के कबीर चौंक स्थित स्काई लाउन्ज रेस्टोरेंट में संचालक द्वारा ग्राहकों को हुक्का मुहैया कराने की सूचना पर सीएसपी आकाश शुक्ला के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम जब छापेमारी के लिए स्काई लाउन्ज रेस्टोरेंट पहुंची तो वहां सिगरेट, तम्बाकु उत्पाद की तीव्र गंध के साथ हुक्का पीलाते एक व्यक्ति मिला, पूछताछ करने पर व्यक्ति रेस्टोरेंट का संचालक विवेक अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल उम्र 45 वर्ष निवासी लालटंकी दानीपारा थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ़ का रहने वाला बताया। जिसे रेस्टोरेंट पर हुक्का पिलाने के संबंध पुलिस की नोटिस पर संचालक हुक्का बार चलाने कोई कागजात नहीं दिखा पाया जिस पर पुलिस टीम द्वारा हुक्का पिलाने के उपयोग में लाई जाने वाली तीन नग पॉट पाईप लगा हुआ हुक्का जब्त किया।

### सीएम कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह

# दूल्हादेव महोत्सव में 70 जोड़ों का सामूहिक विवाह, ओपी ने पहुंचकर दिया आशीर्वाद



सामूहिक विवाह आयोजन में आर्शीवाद देने पहुंचे केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

दूल्हादेव महोत्सव में शनिवार वित्त मंत्री ओपी चौधरी ग्राम पंचायत पंचधार पहुंचे और यहां 70 नव दंपति जोड़े को आशीर्वाद दिया। चौहान समाज के द्वारा आयोजित गंधर्व कला, सांस्कृतिक सम्मेलन व दूल्हादेव महोत्सव का आयोजन किया गया है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक ओपी चौधरी शामिल। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 70 दंपति जोड़े को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ गायत्री परिवार के द्वारा विवाह संपन्न कराए जाने पर गायत्री परिवार को भी हृदय से आभार व्यक्त किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि जिस तरह से आज चौहान समाज ने अपनी सामाजिक समरसता को एकता के सूत्र में बांध रखा है। निश्चित ही यह एक सामाजिक विकास की श्रेणी में आता है। उन्होंने ग्राम पंचायत पंचधार में चौहान समाज के मांग पर 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की तथा नव दंपतियों को अपने स्वेच्छा निधि से तीन, तीन हजार रुपए की सहायता प्रदान की घोषणा की। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने ग्राम सांकरा के बहुप्रतीक्षित मांग उद्वहन सिंचाई योजना के संबंध में भी घोषणा करते हुए कहा कि सांकरा में किसानों को कृषि कार्य के लिए अब परेशान होना नहीं पडेगा। यहां के लंबित मांग को भी छत्तीसगढ़ शासन से स्वीकृत कर दिया गया है। अब सांकरा में महानदी से उद्वहन सिंचाई योजना प्रारंभ होगी। बालक, बालिका शिक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि राजधानी नहींए न्यायधानी नहीं अब संस्कारधानी रायगढ़ में प्रयास स्कूल का संचालन शीघ्र किया जाएगा।

## पंचधार में कन्या विवाह योजना अंतर्गत 56 जोड़ों का विवाह

सारंगढ़। मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन जिले के ग्राम पंचधार में किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री एवं विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी, विशिष्ट अतिथि उमेश अग्रवाल, सुभाष जालान, बलोदाबाजार भाटापारा के कलेक्टर के एल चौहान और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू सहित समाज के प्रबुद्ध जन, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह को गायत्री परिवार द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन पूजन करते हुए संपन्न कराया। इस समारोह के दौरान वर वधुओं, पारिवारिक और उपस्थित सभी सदस्यों में खुशी का माहौल था। इस समारोह में हजारों की भीड़ उमड़ी हुई थी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी का भव्य स्वागत महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। विवाह के दौरान ओपी चौधरी ने सभी 56 जोड़े वर वधु को आशीर्वाद दिए। श्री चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि आज की इस परिवेश में दहेज प्रथा को छोड़ रहे हैं। चौहान समाज का यह कार्यक्रम प्रगतिशील सोच है। युवाओं की इस विवाह में शामिल होने के नई सोच से मैं बहुत प्रभावित हुआ हूं। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह में शादी करने का निर्णय लिया है, उनको भी मैं विशेष रूप से प्रणाम करता हूं। सरकार के योजना के तहत 21000 रुपए का चेक के साथ ही श्री चौधरी ने प्रत्येक जोड़े को व्यक्तिगत रूप से 3 हजार रुपए नवदंपत्तियों को बधाई स्वरूप दिए।



## साढ़े 14 लाख के पाइप लेकर वाहन सहित चालक गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ पूंजीपथरा थाने में कंपनी के अधिकारी ने दर्ज कराई

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरवानी स्थित सर्व श्री कम्पनी चंद्रहासनी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के मानव संसाधन अधिकारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ करीब 14 लाख 43 हजार रूपए की म ती 25.130 एमटी पाइप के गबन करने के मामले में अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए शेख शहनावाज पिता शेख अब्दुल लतीत निवासी-सिद्धी विनायक कॉलोनी ने बताया कि वह सर्व श्री कम्पनी चंद्रहासनी इस्पात प्रालि गेरवानी में मानव संसाधन अधिकारी के रूप में पदस्थ है। सर्व श्री कम्पनी चंद्रहासनी इस्पात से श्री श्री महाबीर लोजिस्टरक्स ट्रासंपोर्ट प्रो आशुतोष सिंह शुभम कम्पलेक्स के वाहन कमांक सीजी 08 एल 1916 पर 14 लाख 43 हजार 886 रूपए कीमती एमएस पाईप वजन 25.130 एमटी लोड कर 03 फरवरी की दोपहर 3 बजे चालक अवधेश साहू पिता महेश साहू निवासी वार्ड 05 ग्राम शेरघाटी जिला गया को माल सुपुर्द कर क्रेता मेसर्स विजय लक्ष्मी स्टील, लखनऊ के लिए रवाना किया गया था। उक्त वाहन अब तक लखनऊ नहीं पहुचा है वहीं उक्त वाहन के चालक को फोन के माध्यम से पता करने की कोशिश की गई। उक्त वाहन के चालक का मोबाइल भी बंद आ रहा है। वहीं गाडी मालिक की तरफ से भी कोई सहायता नहीं मिल रही है। ऐसी स्थिति में वाहन चालक अवधेश साहू पिता महेश साहू द्वारा सारा माल गायब कर दिया है। पतासाजी के बाद भी वाहन, चालक सहित सामान के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। पूंजीपथरा पुलिस ने इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 407 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## मोटर पंप की चोरी, जुर्म

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिऊर निवासी कृष्ण मुरारी यादव पिता छेदीलाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का कार्य करता है। ग्राम तिऊर में उसकी कृषि भूमि पर ट्युबेल के लिए कमरा बनाया है। कमरे के भीतर लगे ट्युबेल में वर्ष 2013 में 1 एचपी का मोटर पंप लगवा कर अपने खेत में लगे फसलों की सिचाई करता है। 29 फरवरी की शाम को अपने ट्युबेल को जाकर देखा था, बारिस होने से ट्युबेल को चालू नही किया। 1 मार्च की सुबह करीब 10 बजे जाकर देखा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था।

## सारंगढ़ में रोजगार पंजीयन सुविधा आनलाइन

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू को जिला रोजगार एवं स्वरोजगर मागदर्शन अधिकारी ने विभागीय जानकारी में बताया कि सरकार ने युवाओं को रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण की ऑनलाइन सुविधा दी है। राज्य शासन की नई व्यवस्था के तहत वेबसाईट रोजगार डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन पर जाकर अपना नवीनीकरण पंजीयन करा सकते हैं। संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर ने नवीन ई रोजगार पोर्टल प्रचलन में लाया है।

## 1 करोड़ से अधिक के 15 विकास कार्यों को स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ विधायक एवं छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ विधानसभा के लिए 1 करोड़ 05 लाख रूपए के 15 विकास कार्यों की मंजूरी दी गई है। वित्तमंत्री ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव की सूची स्वीकृति हेतु भेजी थी। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रस्ताव पर विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण से विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें रायगढ़ विधानसभा के लिए 1 करोड़ 5 लाख रूपए के 15 विकास कार्य स्वीकृत किया गया है।

रायगढ़ के ग्राम पंचायत कोयलंगा में बालक राम साहू के घर के पास से चौहान मोहल्ला रोड तक 2.50 लाख रूपएए ग्राम पंचायत सुकुलभठली में घनसुन्दर घर से चौकीदार घर तक 10 लाख रूपए की लागत सेए विकास घर से मुख्य मार्ग की ओर 10 लाख रूपएए ग्राम पंचायत नवापाली में शनि मंदिर गबेत शरण घर से गौतम मांझी के घर तक 8.70 लाख रूपए, ग्राम पंचायत आमापाली में मौहापाली बीच बस्ती में 4 लाख रूपए, ग्राम पंचायत कांदागढ़ में बजरंग बली मंदिर से मुक्ति धाम तक 10 लाख रूपए ग्राम पंचायत नावापारा में चंद्रहास यादव घर से किशोर के घर तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत कोड़ातराई में रामनगर कोड़ातराई तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत ओडेकेला मे गुरूडीपा में 7.80 लाख रूपएए ग्राम पंचायत उमरिया में गौडियापारा पुरानी बस्ती आनंद प्रधान घर से उदयभोग घर तक 5 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत कोतासुरा में सारथी घर से नंदेली रोड तक 2.60 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अर्मुरा में सारथी मोहल्ला से मेन रोड तक 2.60 लाख रूपए ग्राम पंचायत सुखापाली में समारू घर से सुखापाली रोड तक 7.80 लाख रूपए ग्राम पंचायत बोरिदा में बस्ती से मुक्ति धाम तक 9 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत नदीगांव में नया मोहल्ला में 5 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## मिड़मिड़ा स्कूल में न्यौता भोज का आयोजन

**रायगढ़।** प्रधान मंत्री पोषण आहार के अंतर्गत 1 मार्च को शासकीय प्राथमिक शाला मिड़मिड़ा में न्योता भोजन का शुभारम्भ जिसमे शाला प्रबंधन समिति एवं शाला के समस्त शिक्षकों का योगदान रहा वर्तमान सरकार के महती योजना न्योता भोजन का मिडमिडा स्कूल में बहुत ही बेहतरीन रूप से शुरुवात हुआ जिसमे शाला के बच्चों को तरह तरह के पकवान फल सब्जी मिठाई वितरण किया गया जिसमे मुख्य रूप से प्रोटीन से भरपुर उबला हुआ अंडा, मौसमी फल, अनार, संतरा, केला, अंगूर, सलाद मे गाजर, मुली, बिट, खीरा पापड़ चिप्स, मीठा में जलेबी सब्जी दाल, चावल, वितरण किया गया। आज के न्योता भोजन में शाला प्रबंधन समिति प्राथमिक शाला मिडमिडा का विशेष योगदान रहा साथ ही शाला के प्रधान पाठक एवं स्टाफ का योगदान रहा।

## डाक विभाग ने शुरु किया पीएम सूर्य घर योजना का सर्वे

**रायगढ़।** भारत सरकार की प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए सर्वे का कार्य भारतीय डाक विभाग द्वारा 26 फरवरी से प्रारम्भा कर दिया गया है। सर्वे की अंतिम तारीख 8 मार्च निर्धारित की गयी है। सर्वे का कार्य स्थासनीय डाक विभाग के डाकियों द्वारा किया जा रहा है।

रायगढ प्रधान डाकघर के प्रवीण बंसल ने बताया कि स्था नीय नागरिकों द्वारा प्रदत्तर जानकारी और सहमति के बाद सर्वे कर रहे पोस्टमैन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के लिए निर्धारित मोबाइल एप पर अथवा वेबसाइट पर उपलब्धर जानकारियों को फीड किया जाएगा। जानकारी फीड होने के बाद सरकार द्वारा नियुक्त किए गए वेंडर, घरों में जाकर सोलर पैनल लगाने का कार्य करेंगे। सर्वे हेतु भारतीय डाक विभाग द्वारा आम जनता से कोई चार्ज नहीं लिया जा रहा है। योजना का लाभ उठाने के लिए इच्छुहक उपभोक्तार को बिजली बिल की कापी, मोबाइल नम्बेर और घर के छत की फोटो उपलब्ध्‍ा करानी होगी। इस योजना के तहत 1 किलोवट क्षमता के सोलर पैनल लगवाने पर 50 हजार रूपए की लागत आएगी, जिसमें 30 हजार रूपए की सब्सिडी मिलेगी। इसी प्रकार 2 किलोवाट की लागत 1 लाख 10 हजार रूपए और सब्सिडी 60 हजार तथा 3 किलोवाट की लागत 1 लाख 45 हजार और इसमें 78 हजार रूपए की सब्सिडी मिलेगी। इसके अलावा इस योजना के तहत 300 यूनिट तक की बिजली प्रतिमाह मुफ्त मिलेगी। साथ ही 15 हजार रूपए से अधिक मूल्यम के उत्पिन्नि बिजली की खरीद सरकार द्वारा की जाएगी।



■ सोलर एनर्जी में भी 300 यूनिट फ्री बिजली का लाभ

## घरौंदा के विष्णु ने वेट लिफ्टिंग में जीते दो स्वर्ण, एक कांस्य पदक



**रायगढ।** घरौंदा के विष्णु सहाय ने उत्तर प्रदेश में अपने जिले का परचम लहराया है। वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो गोल्ड व एक कांस्य पदक जीतकर अपने संस्था सहित जिले का नाम रोशन किया है। उन्नायक सेवा समिति द्वारा संचालित घरौंदा संस्था के हितग्राही विष्णु सहाय ने कानपुर उत्तर प्रदेश में हो रहे स्पेशल ओलंपिक भारत के वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए दो गोल्ड एवं एक कांस्य पदक जीते हैं।

उन्होंने बेंच लिफ्टिंग में 48 केजी उठाकर व डिड लिफ्टिंग में 110 केजी उठाकर दो गोल्ड मेडल लाए हैं। जबकि स्कॉट लिफ्टिंग में 55 केजी उठाकर कांस्य पदक अर्जित किए हैं। विदित हो कि उन्नायक सेवा समिति द्वारा संचालित घरौंदा संस्था जोकि समाज कल्याण विभाग द्वारा मान्यता एवं अनुदान प्राप्त हैं के द्वारा वयस्क बौद्धिक एवं विकासात्मक दिव्यांगो के लिए घरौंदा नाम से आजीवन आश्रय गृह का संचालन कौहाकुंडा रायगढ़ में किया जा रहा है। जिसमे अनाथ निराश्रित एवं माता पिता द्वारा नहीं संभले जाने वाले हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। इनके पुनर्वास हेतु संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सुविधा प्रदाय किए जा रहे हैं।

## श्रीराम के दर्शन कर आयोध्या से वापस लौटे रामभक्त, भव्यता से हुए प्रभावित

**तमनार।** अयोध्या धाम रामलला दर्शन आस्था स्पेशल ट्रेन से तीर्थयात्रा बिलासपुर दुर्ग संभाग के 1346 दर्शनार्थियों को भाजपा द्वारा 28 फरवरी से 2 मार्च तक नव्य आयोध्या टेंट सिटी में निवास एवं भोजन के साथ ही परिवहनएसुरक्षा और स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था से रामभक्त गदगद हुए।

रायगढ़ जिले से 288 सहित छत्तीसगढ़ से 1346 राम भक्त अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के दर्शन से आनंदित हैं। राम मन्दिर में रामलला दर्शन के साथ हनुमानगढ़ी, सरयु स्नान व संध्याकालीन आरती में दर्जनों भक्तजन यजमान के रूप में शामिल हुए। श्रीरामभक्त दर्शनार्थी कीर्तन भजन करते छत्तीसगढ़ के भांचा राम जय श्रीराम की जयघोष के साथ रामलला के दर्शन किए। राम भक्त श्रद्धालुओं की आस्था स्पेशल ट्रेन यात्रा एवं नव्य आयोध्या टेंट सिटी में निवास एवं भोजन के साथ ही परिवहनएसुरक्षा और स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था से दर्शनार्थी आनंदित हुए। अयोध्या धाम श्रीरामलला की दर्शन से श्रद्धालुओं में अपार खुशी है कि वे अयोध्या जाकर वहां 500 सालों के बाद बने राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला का दर्शन कर आशीर्वाद लिए। रामभक्तो ने बताया कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन करना जीवन का एक अविस्मरणीय पल है। हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं प्रभु के दर्शन का सुअवसर प्राप्त हो रहा है।



## लोहरसिंह में जूनियर वालीबाल चैंपियनशिप का आयोजन



**रायगढ़।** लोहरसिंह में जूनियर चैंपियनशिप वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमे जूनियर खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने संवारने हेतु सुझाव व प्रशिक्षित किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया।

इस आयोजन में विजेता एवम उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व प्राइज मनी से एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को खेल परिधान से पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में खेमराज नायक डीडीसी, सुरेश सिदार छग पुलिस बल एवम उनके साथी रहे जिन्होंने इस आयोजन की सफलता में भरपूर सहयोग कर उद्घाटन से समापन समारोह तक समय दिया। मुख्य अतिथियों के साथ साथ क्लब के वालीबॉल प्रशिक्षक दिनेश चौधरी, क्लब के संरक्षक दिनेश नायक, क्लब के सिनियर खिलाड़ी गोलू गुप्ता, सरोज गुप्ता, बबलू साहू, सेतकुमार गुप्ता, जितेंद गुप्ता, टीकू साहू, ओम सिदार, प्रभात नायक, पद्मन यादव, सावन सारथी, सभी ने जूनियर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित व खेल के नए नए गुर सुझाव एवं खेल के प्रति उज्वल भविष्य की ओर प्रेरित किया।

## अंतर्राज्यीय दिशा दर्शन एवं भ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अंतर्राज्यीय दिशा दर्शन एवं भ्रमण कार्यक्रम अन्तर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं के बस को कलेक्टोरेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर ओडिशा के पुरी जिला के लिए रवाना किया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना अन्तर्गत महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को शैक्षणिक भ्रमण में पुरी भेजा जा रहा है। भ्रमण में जाने से महिलाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ता है। अन्य स्थान जाने से उन्हें प्रशिक्षण मिलता है और दूसरे समूह की महिलाओं से उनका मेलजोल भी होता है। एक तरह से बहुउद्देशीय विकास ही योजना का उद्देश्य है।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि यह अच्छी योजना है, उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से आगामी वर्ष में अधिक टारगेट की मांग करने को कहा। जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को भ्रमण पर भेजा जा सकें।

उल्लेखनीय है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राज्यीय दिशा दर्शन एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न विकासखण्ड के स्व सहायता समूह की 100 महिलाओं को उड़ीसा राज्य भ्रमण के लिए भेजा गया है।

### पृष्ठ 1 का शेष

#### 43 करोड़ की कार्य...

चुनाव में सत्ता परिवर्तन और जशपुर के लाल विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद, लोगों को आशा है कि नगर का विकास तेजी से हो सकेगा। पालिका के सीएमओ दीपक एक्का ने बताया कि कार्ययोजना में शहर के गिरांग चैक से बस स्टेण्ड तक, बस स्टेण्ड से बधिमा सन्ना रोड, रणजीता स्टेडियम से भागलपुर चौक होते हुए रज्जु भैया चौ तक गौरवपथ का निर्माण, जूदेव प्रतिमा का सौंदर्यीकरण, शहर में केबल सहित स्ट्रीट लाइट का विस्तार, देशपांडे पार्क का सौंदर्यीकरण, एसडब्यूएम ट्रामेल, सभी वार्ड में बीडी रोड का निर्माण, वार्ड क्रमांक 20 में रायगढ़ रोड में स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण, जयस्तंभ का सौंदर्यीकरण, वशिष्ट कम्यूनिटी हाल का उन्यन, नगर के सभी 20 वार्डो में सोलर पंप की स्थापना कार्य शामिल है। उल्लेखनिय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का पदभार सम्हालने के बाद, पहली बार अपनी गृह जिले के दौरे में आए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने, रणजीता स्टेडियम में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए, बताया था कि उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जशपुर जिले के विकास का ऐसा मास्टर प्लान बनाएं कि आने वाली पीढ़ी देख कर यह कहे कि जशपुर जिला से कोई मुख्यमंत्री बना था। इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्णकुमार राय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनिला गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा, जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, पार्षद फैजान सरवर खान, नीतू गुप्ता, सीएमओ दीपक एक्का भी उपस्थित थे।

